रक्षाबंधन पर्व पर रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति के मध्य स्पेशल ट्रेन

जबलपुर 6 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति के मध्य एक-एक ट्रिप एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोचेस रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर एवं सतना हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 08 अगस्त 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से रात्रि 19:35 बजे प्रस्थान कर, विदिशा 20:28 बजे, बीना 22:35 बजे, सागर 23:40 बजे, अगले दिन दमोह मध्य रात्रि 00:45 बजे, कटनी मुड़वारा 02:50 बजे, मैहर 04:48 बजे, सतना 05:15 बजे और सुबह 06:20 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार **गाड़ी संख्या 01662 रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन शनिवार 09 अगस्त 2025 को** रीवा स्टेशन से सुबह 07:35 बजे प्रस्थान कर, सतना 08:35 बजे, मैहर 09:00 बजे, कटनी मुड़वारा 10:45 बजे, दमोह 12:30 बजे, सागर 13:45 बजे , बीना 16:00 बजे, विदिशा 17:08 बजे और रात 19:20 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।

यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/278/2025 दिनांक 06.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर